## Headline

1. IND vs NZ: तीसरे दिन लंच तक न्यूजीलैंड पहली पारी में 345/7, भारत पर 299 रन की हुई बढ़त, रचिन का शतक

2. Delhi Pollution: दिल्ली में छाई धुंध, 'खराब' श्रेणी में पहुंचा AQI; दिल्ली सरकार ने बुलाई आपात बैठक


सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 95 | इंदौर, शुक्रवार 18 अक्टूबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


## सफाई में नंबर 1 रहने वाले शहर में ...

# नहीं थम रहे सड़क हादसे

## जिम्मेदार विभागों के अधिकारी कर रहे प्रयास, नहीं मिल रही सफलता

@ DGR विशेष

इंदौर। मां अहिल्या की नगरी और प्रदेश की आर्थिक राजधानी कहलाने वाला हमारा इंदौर शहर सफाई में लगातार नंबर का खिताब जीतकर पूरे देश में इस शहर का नाम है, लेकिन यहां की बेतरतीब यातायात व्यवस्था के कारण कई बार बाहरी लोगों को भी कहते देखा जा सकता है कि इंदौर का ट्राफिक बहुत खराब है। इस खराब सिस्टम को सुधारते हुए शहर को ट्राफिक में भी नंबर बनाने और सडक हादसा/दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन, यातायात पुलिस, आरटीओ और अन्य जिम्मेदार विभागों के साथ ही जनप्रतिनिधि भी भरसक प्रयास में जुटे हैं, लेकिन बावजूद इसके शहर की बिगड़ी यातायात व्यवस्था सुचारू नहीं हो पा रही है । बेढंगे ट्राफिक और लापरवाहन वाहन चालकों पर लगाम नहीं कसने के चलते सडक हादसों का सिलसिला खत्म नहीं हो रहा है। जनवरी से अगस्त तक(240 दिन) में कुल 2368 दुर्घटनाओं में193 की मौत हो चुकी है, कुल 1777 घायल हुए हैं, जिसमें 25 गंभीर भी शामिल हैं।




### ◆ सारे प्रयास बेअसर

दरअसल शायद ही ऐसा कोई दिन जाता है, जब शहर में या आसपास सडक हादसा न हुआ हो। लापरवाह और शराबी वाहन चालक आए दिन निर्दोष लोगों को मौत का शिकार बना रहे हैं। इन हादसों पर अंकुश लगाने के लिए कई प्रयास किए गए, लेकिन सब बेअसर ही रहे। शहर और उसके आसपास बाहरी रास्तों पर कुछ स्थान तो ऐसे हैं, जहां हादसों की आशंका हमेशा बनी रहती है।

### ◆ वाहन चालकों की लापरवाही

जिम्मेदार विभागों के अधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि वह ऐसी जगहों पर समुचित व्यवस्था करें। लगातार हो रहे हादसों वाले स्थानों को ब्लैक स्पाट के रूप में चिह्नित किया जा चुका है और कई जगह पर तो सुधार भी किया गया है, लेकिन अधिकांश जगहों पर अभी सडक दुर्घटनाएं/हादसे हो रहे हैं, जो कहीं न कहीं वाहन चालकों की लापरवाही के साथ ही पुलिस-प्रशासन लापरवाह ही देखे जाते हैं।

### जागरूकता शिविर, अनाउंसमेंट

हालांकि ट्रेफिक पुलिस और आरटीओ वाहन चालकों को सुरक्षित संचालन की समझाइश देता है। जागरूकता के लिए शिविर लगाता है, चौराहों पर अनाउंस भी करता है। बावजूद, अनदेखी के चलते कई वाहन चालक असमय काल कवलित हो जाते हैं। शहर के क्षेत्रफल के मान से वाहनों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। आबादी से अधिक वाहन आरटीओ में रजिस्टर्ड हैं।

### यह कदम उठा रहे

वाहनों का दबाव कम करने इंदौर विकास प्राधिकरण, जिला प्रशासन, निगम और ट्रेफिक पुलिस प्रयासरत है। हरसंभव दबाव से निपटने की योजना पर तेजी से काम हो रहा है। फ्लायओवर ब्रिज, ओवरब्रिज, सडक चौड़ीकरण, लोकसेवा वाहनों का बेहतर संचालन जैसे कई कदम उठाए जा रहे हैं ताकि ट्रेफिक सुधार में कोई आमूलचूल परिवर्तन नहीं हो रहा है।



### ये हैं हादसों के मुख्य कारण

शराब पीकर वाहन चलाना, वाहन तेज गति से दौड़ाना, हेलमेट, सीट बेल्ट न लगाना, जल्दी निकलने की जिद, प्रतिस्पर्धा करना, ओवरटेक, रांग साइड से आवाजाही आदि हादसे के कारण है।

### पिछले दो साल के आंकड़े

चालू वर्ष 2024 में जहां जनवरी से अगस्त तक हुए सडक हादसों में 193 लोगों की जान जा चुकी है, वहीं बीते वर्ष के आंकड़ों को लेकर ट्रेफिक पुलिस के अनुसार, वर्ष 2022 में कुल 3317 दुर्घटनाओं में 264 की मौत, 55 गंभीर घायल(कुल घायल 2694), वर्ष 2023 में कुल 3566 दुर्घटनाओं में 257 की मौत, 61 गंभीर घायल(कुल 2745 घायल) हुए।

### मददगार साबित होंगे ब्रिज

दुर्घटनाएं रोकने और जाम से निजात दिलाने में फ्लायओवर ब्रिज मददगार साबित होंगे। सर्विस रोड पर ब्रिजों के कारण यातायात का दबाव कम होगा। आगामी दिनों में आईटीएमएस( इंटीग्रेटेड ट्रेफिक मैनेजमेंट सिस्टम) से वाहन चालकों के चालान जनरेट होने तथा तीन बार से अधिक वाहन चालक का चालान बनने पर आरटीओ द्वारा लायसेंस निरस्त करने से हादसे थम सकते हैं।

### लगातार हो रही कार्रवाई

पुलिस उपायुक्त, यातायात विभाग अरविंद तिवारी के अनुसार नियमों की अनदेखी करते हुए सडक पर वाहन चलाने वाले लापरवाह वाहन चालकों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। कई बार हादसों में देखा गया है कि लापरवाही के चलते चालक की मौत होती है। खुद चालक ही सुरक्षित वाहन चलाए तो हादसों से बचा सकता है।

# बढ़ती गंदगी-जल जमाव के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

**कान्ह नदी में उतरकर किया प्रदर्शन, हैलोवीन पार्टी पर भी ली आपत्ति**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। शहर में बढ़ती गंदगी और जल जमाव के खिलाफ आज कांग्रेस ने प्रदर्शन किया है। कांग्रेस कार्यकतार्ओं ने यह प्रदर्शन कान्ह नदी में उतरकर किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकतार्ओं ने आरोप लगाया है कि हर घर में एक व्यक्ति बीमार हो रहा है। वहीं कांग्रेस नेताओं ने प्रदर्शन के दौरान निगम अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की है।

कांग्रेस का यह प्रदर्शन कांग्रेस के पूर्व पार्षद दिलीप कौशल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकतार्ओं द्वारा किया जा रहा है। दिलीप कौशल ने प्रदर्शन के दौरान बताया कि इंदौर के महापौर, नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग की निष्क्रियता तथा शहर में व्याप्त गंदगी, जल जमाव, तथा अव्यवस्था के विरुद्ध जमीनी हकीकत से रुबरू होने हेतु कांग्रेस द्वारा आज यह प्रदर्शन किया गया था।

**हैलोवीन पार्टी पर भी आपत्ति ली-** इधर, इंदौर में हैलोवीन पार्टी के आयोजन को लेकर भी कांग्रेस ने बीजेपी नेताओं पर आरोप लगाए है। कांग्रेस नेता पार्टी के मामले को लेकर आज कमिश्नर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपेंगे। इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव ने बताया है कि ऐतिहासिक धरोहर बिल्डिंग मे डीन परिसर में हैलोवीन पार्टी के आयोजन की अनुमति दी गई, जो की नियम अनुसार गलत है। डीन संजय दीक्षित को तत्काल उनके पद से हटाया जाए। इस आयोजन को आयोजित करने वाले भाजपा नेता अक्षय बम सहित अन्य कार्यक्रम आयोजनों पर एफआईआर की मांग को लेकर आज 4:00 बजे संभायुक्त कार्यालय कमिश्नर कार्यालय पर मुख्यमंत्री के नाम इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा एक प्रतिनिधि मंडल द्वारा ज्ञापन दिया जाएगा।

# कांग्रेस ने लगाए निगम पर अश्लीलता फैलाने के आरोप

**कांग्रेस नेता बोले- 3 दिन में अगर पोस्टर नहीं हटे तो फिर कांग्रेस सेवादल हटाएगी**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कांग्रेस के संगठन सेवादल ने अब नगर निगम पर अश्लीलता फैलाने का आरोप लगाया है। दरअसल, इंदौर में नगर निगम के होर्डिंग्स पर विज्ञापन एजेंसी ने जोकी कंपनी के विज्ञापन लगाए है, जिसमें महिलाएं कंपनी के प्रोडक्ट का प्रचार कर रही है। प्रचार करते हुए फोटो को लेकर कांग्रेस के सेवादल संगठन ने निगम पर इंदौर में विज्ञापन के जरिए अश्लीलता फैलाने के आरोप लगाए है।**

इंदौर जिला कांग्रेस सेवादल के कार्यवाहक अध्यक्ष विवेक खंडेलवाल ने बताया कि इंदौर शहर के विभिन्न चौराहा पर इंदौर नगर पालिका निगम द्वारा विज्ञापनों के लिए लगाए गए होर्डिंग पर अश्लीलता फैलाते कंपनी के पोस्टर लगाए गए हैं। इसमें खुलेआम महिला द्वारा अश्लीलता फैलाते हुए पोस्टर दिख रहा है। यह निगम का दोहरा रवैया है, इससे साफ प्रतीत होता है कि अगर नगर पालिका निगम को राजस्व मिलता है, तो कोई भी शहर में किसी भी तरह के पोस्टर लगा सकता है, भले ही अश्लीलता फैलाते हो या किसी भी तरह की समाज में विकृति फैलाते हो आप लगा सकते हैं। मैंने निगम और महापौर से मांग की है कि यह पोस्टर अगर तीन दिन के अंदर हटा लिए जाए, अगर नहीं हटाए जाते तो कांग्रेस सेवादल खुद यह पोस्टर हटाएगी।







### कांग्रेस सेवालदल कार्यवाहक अध्यक्ष ने एक्स पर भी किया पोस्ट

इंदौर जिला कांग्रेस सेवादल के कार्यवाहक अध्यक्ष विवेक खंडेलवाल ने एक्स पर होर्डिंग में लगे पोस्टर के फोटो वीडियो अपलोड करके लिखा है- समय अनुसार अश्लीलता को देखना क्या ये ठीक है,आज पूरे इंदौर मै चौराहे चौराहे लगे है,अश्लीलता फैलाते होर्डिंग। मयार्दा,संस्कृति की बात करने वाली पार्टी भाजपा निगम परिषद द्वारा ठेकेदार को होर्डिंग किराए पर दे कर पला झाड़ लिया जायेगा, मगर बाकी के ट्विटर,फेसबुक,इंस्टाग्राम पर धर्म का झंडा उठाने वालों को ये क्यों नहीं दिखाई दे रहा है''

### कांग्रेस की हिंदू संगठनों से मांग

कांग्रेस नेता गिरीश जोशी ने बताया कि कांग्रेस ने सभी हिंदू संगठनों से भी मांग की है कि समय-समय पर उनके लोगों द्वारा संस्कृति बचाने का बीड़ा उठाया जाता है और शहर में इस तरह से अश्लीलता फैलाते पोस्टर जगह-जगह पर लगे हैं, तो आप लोग क्यों चुप हैं। कांग्रेस सभी हिंदू संगठनों से मांग करती है कि ऐसे पोस्टर के विरोध में आगे आए। वहीं कांग्रेस ने निगम से मांग की है कि अगर तीन दिन में अगर पोस्टर नहीं हटाए जाते है, तो कांग्रेस द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# हैलोवीन पार्टी में शामिल बीजेपी नेताओं पर एफआईआर की मांग

**◆ कांग्रेस ने संभागायुक्त कमिश्नर कार्यालय घेरा; कहा- मेडिकल कॉलेज के डीन को भी हटाएं**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। किंग एडवर्ड मेडिकल कॉलेज बिल्डिंग में हुई हैलोवीन पार्टी के विरोध में गुरुवार को कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने पार्टी में शामिल होने वाले दोनों भाजपा नेताओं अक्षय कांति बम और स्वप्निल कोठारी पर एफआईआर की मांग की। मेडिकल कॉलेज के डीन संजय दीक्षित को हटाने की मांग की।

कांग्रेस नेताओं ने संभाग आयुक्त कमिश्नर कार्यालय का घेराव कर जॉइंट कमिश्नर पुरुषोत्तम पाटीदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने ज्ञापन देते हुए बताया कि पुरातत्व विभाग के अधिकारी डिप्टी डायरेक्टर प्रकाश परांजपे से जब हमने चर्चा की, तो उन्होंने कहा कि हमसे लिखित में कॉलेज की ओर से कुछ नहीं कहा गया, न ही हमसे अनुमति ली गई। कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेंद्र यादव का कहना है, 'इस पार्टी में 200 से अधिक लोग लग्जरी कारों से पहुंचे थे। कॉलेज के डीन ने गलत तरीके से अनुमति दी।

### कांग्रेस का सवाल- अनुमति निरस्त, तो तीन दिन तक कार्यक्रम कैसे हुआ?

कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष ने कहा है कि डीन बयान दे रहे हैं कि हमने किसी भी पार्टी के लिए अनुमति नहीं दी। हमसे सिर्फ 20 लोगों के भ्रमण की अनुमति ली गई थी। जब पता चला कि वहां इस तरह की गतिविधियां हो रही हैं, तो अनुमति निरस्त कर दी गई थी। सवाल यही उठता है कि जब अनुमति निरस्त कर दी, तो तीन दिन तक कार्यक्रम कैसे होता रहा।

# ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता के लिए एसबीआई और मेदांता का विशेष कार्यक्रम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता माह के अवसर पर मेदांता अस्पताल और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के संयुक्त तत्वावधान में इंदौर में दो दिवसीय विशेष कार्यक्रम वायएन रोड स्थित एसबीआई के क्षेत्रीय कार्यालय में बुधवार से शुरू हुआ। इसके अंतर्गत क्षेत्रीय कार्यालय को पिंक थीम पर सजाया गया है, जो ब्रेस्ट कैंसर से लड़ने के प्रतीक के रूप में चुना गया है। कार्यक्रम में महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है कि कैसे ब्रेस्ट कैंसर से वह बचाव कर सकती है। साथ ही उन्हें यह भी बताया जा रहा है कि कैसे ब्रेस्ट कैंसर के लक्षणों को पहचान सकते हैं। जिससे उन्हें जल्दी आराम मिल सकें। मेदांता अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. नम्रता कछारा ने बताया कि अभी ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता माह चल रहा है। इसके अंतर्गत हम जागरूकता अभियान चला रहे हैं। जिससे ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को पता चले कि इससे कैसे बचाव कर सकते हैं। स्टिेट बैंक आफ इंडिया के डिप्टी जनरल मैनेजर सतीश चंद्र गुप्ता ने बताया कि ब्रेस्ट कैंसर से बचाव के लिए जनता के बीच जागरूकता फैलाना काफी आवश्यक है। कार्यक्रम के पहले दिन 200 से अधिक बैंक की महिला कर्मचारियों के साथ अन्य महिलाएं भी शामिल हुई। इस दौरान असिस्टेंट कमिश्नर आफ पुलिस सीमा अलावा, उडान फाउंडेशन की प्रेसिडेंट वैशाली पारिख, मेदांता अस्पताल की लीडरशिप टीम मौजूद रही। धन्यवाद भाषण एसबीआई की एचआर निधी ने दिया।

# रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी में संक्रमण का खतरा भी कम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **इंदौर के अग्रणी मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल, वी वन हॉस्पिटल ने जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी में एक क्रांति लाते हुए अत्याधुनिक मिसो (एमआईएसएसओ) रोबोटिक प्रणाली की शुरूआत की है। यह नवीनतम तकनीक, विशेषकर नी रिप्लेसमेंट सर्जरी में, सरजन्स को अत्यधिक सटीकता और कुशलता प्रदान करती है, जिससे मरीजों को कम दर्द, तेजी से रिकवरी और बेहतर जीवन की गुणवत्ता मिलती है।**

वी वन हॉस्पिटल के जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. दीपक मंत्री ने कहा, हमारे मरीजों को विश्व स्तरीय इलाज प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप, हमने मिसो (एमआईएसएसओ) रोबोटिक प्रणाली को अपनाया है। इस तकनीक के साथ, हम जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी में नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। मरीज अब कम इनवेसिव सर्जरी, कम दर्द और अस्पताल में कम समय बिताकर अपनी सामान्य गतिविधियों में जल्दी लौट सकते हैं। डॉ मंत्री ने आगे कहा, मिसो रोबोटिक प्रणाली के माध्यम से, हम थ्रीडी सीटी स्कैन के आधार पर मरीज के जोड़ का एक सटीक 3ऊ मॉडल बनाते हैं। यह सर्जन को ऑपरेशन से पहले ही सटीक योजना बनाने में मदद करता है। डॉ. प्रितेश व्यास, वी वन हॉस्पिटल में ऑर्थोपेडिक एवं जॉइन्ट रिप्लेसमेंट सर्जन ने कहा , इस तकनीक से हड्डियों में कम कटिंग होती है, जिससे रक्तस्राव कम होता है और संक्रमण का खतरा भी कम होता है। इसके अलावा, मरीजों को सर्जरी के बाद जल्दी चलना शुरू करने में मदद मिलती है, जिससे उनके ठीक होने की प्रक्रिया तेज होती है।

# सर्वधर्म एकता व सामाजिक सौहार्द के ताने-बाने को मजबूत करने की जरूरत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **नफरत व भेदभाव से पूरे समाज और देश की क्षति होती है, इंसानियत की मूल भावना भी इससे बहुत आहत होती है। टकराव व विवाद से दूरी बनाए रखने से ही सर्वधर्म एकता व समाजिक सौहार्द के ताने-बाने को मजबूत किया जा सकता है। उक्त विचार रावजी बाजार स्थित खानकाहे फैजे कादरी पर 54वें जश्ने गौसुल आजम दस्तगीर में अतिथियों ने व्यक्त किये। खानकाहे फैजे कादरी के सज्जादा नशीन मेहमूद खान कादरी ने यह जानकारी देते हुए बताया सामाजिक एकजुटता, सर्वधर्म समभाव के संदेश के साथ अकीदत, मोहब्बत से जश्ने गौसुल आजम मनाया गया।**

इस दौरान विभिन्न समाजिक व धार्मिक शख्सियतों को सम्मानित भी किया गया। जिनमें प्राचीनतम शनि मंदिर जूनी इंदौर के हस्त रेखा विशेषज्ञ सचिन तिवारी, श्री गुरुसिंघ सभा के महाचिव जसबीर सिंह गांधी, अखिल भारतीय मानवाधिकार परिषद सामाजिक स्वतंत्र न्याय के प्रदेश अध्यक्ष पास्टर अतुल डेविड, अंजुमन कलीमी बोहरा बाखल के पूर्व सचिव खुजेमा भाई शकरूवाला, सतीश कुमार यादव, अफजल शेरू पठान, खुजेमा भाई बादशाह आदि को साफा बांधकर, हारफूलों से स्वागत कर प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। सुबह में फातिहा हुई। इसके बाद शाकाहारी लंगर (भंडारे) में सभी समुदाय के लोगों ने एक जाजम पर बैठकर ग्रहण किया। कार्यक्रम के समापन पर देश की एकता,अखंडता, तरक़्की के लिए दुआ भी मांगी गयी।

# गोवंश वध एवं गोमांस परिवहन में लिप्त अपराधी पर रासुका में कार्रवाई

## इमरान खटखट को भेजा जेल, आरोपी से चाकू भी मिला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**महू। गोवंश का गौवंश का वध एवं गौमांस परिवहन मे लिप्त अपराधी को रासुका में निरुद्ध कर जेल भेजा गया। पुलिस की गिरफ्त में आया आरोपी इमरान खटखट की तलाशी में उसके पास से चाकू भी बरामद किया गया था।**

पुलिस अधीक्षक जिला इन्दौर (ग्रामीण) हितिका वासल द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों को गौ-तस्करी करने वाले एवं गौमांस के अवैध व्यवसाय मे लिप्त अपराधियों पर सतत रुप से निगाह रखने एवं उनके विरुद्ध अवैध गतिविधी पाए जाने पर सख्त वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये थे। जिसके पालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला इन्दौर (ग्रामीण) रुपेश कुमार द्विवेदी एवं एसडीओपी दिलीप चौधरी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय द्विवेदी द्वारा थाने पर अधीनस्थ स्टाफ की दो टीम ऐसे अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिये बनाई गयी थी।

इसी अनुक्रम मे 14 अक्टूबर को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि इमरान खटखट निवासी बंडाबस्ती नेउगुराडिया के पास अपराध करने की नियत से धारदार चाकू लेकर घूम रहा है ।पुलिस द्वारा उपरोक्त सूचना पर ग्राम नेउगुराडिया की रेल्वे पुलिया के पास से आरोपी इमरान खटखट पिता अनवर उम्र 35 साल निवासी म.न. 51 बंडाबस्ती को धारदार चाकू लेकर घुमते पाये जाने पर गिरफ्तार कर अपराध क्रमांक 555/24 धारा 25(बी) आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध किया गया था।

### आरोपी पर पहले भी दर्ज हैं अपराध

आरोपी इमरान खटखट पिछले काफी समय से गौवंश वध कर गौमांस का अवैध व्यवसाय करने मे लिप्त रहा है जिसके विरुध्द वर्ष 2017 मे थाना बडग़ौंदा मे तथा वर्ष 2024 मे थाना किशनगंज मे गौहत्या एवं गौमांस तस्करी के अपराध पंजीबध्द हुये थे तथा वर्तमान मे भी इसके द्वारा दबे छिपे रुप से उपरोक्त अवैध कृत्य किये जाने की लगातार शिकायते मिल रही थी जिसके कारण क्षेत्र मे शांति भंग होने एवं कानून व्यवस्था बिगड़ने की पूर्ण संभावना होने से पुलिस अधीक्षक जिला इन्दौर ग्रामीण द्वारा एन.एस.ए. के अंतर्गत इमरान खटखट के विरुध्द निरोध आदेश पारित करने के लिये प्रतिवेदन भेजा गया था जिसके आधार पर जिला दण्डाधिकारी इन्दौर द्वारा अनावेदक इमरान खटखट के विरुध्द राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 की धारा 3(2) के अंतर्गत निरोध आदेश पारित किया गया जिसके पालन मे गुरुवार को अनावेदक इमरान खटखट को केन्द्रीय कारागार इन्दौर में भेजा गया।

# सेंट्रल जेल के सभी काम समय सीमा में पूरे हों, जेल परिसर में तालाब भी बनेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने गुरुवार को जिले में बन रही अत्याधुनिक सेंट्रल जेल के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जेल निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए पहले फेज में हुए निर्माण की जानकारी ली। साथ ही दूसरे फेज के तहत होने वाले निर्माण कार्यों के संबंध में भी पूछा। उन्होंने जेल व उसके परिसर में जल आपूर्ति के लिए तालाब निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करने और संपवेल निर्माण के भी निर्देश दिए। जेल परिसर के बाहर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। जेल के द्वितीय फेस के निर्माण को गति देने के संबंध में एसीएस पीडब्ल्यूडी केसी गुप्ता से निर्माण कार्यों को तय समय सीमा में पूरा कराने फोन पर चर्चा की। सांवेर विधानसभा क्षेत्र में इंदौर-उज्जैन मार्ग पर प्रदेश की अत्याधुनिक जेल का निर्माण हो रहा है। इस जेल के पहले फेज में करीब 60 करोड़ रुपए की लागत से एडमिशन ब्लॉक, प्रशासनिक ब्लॉक, बंदी किचन, वॉच टॉवर, जी टाइप एवं एच टाइप क्वार्टर का निर्माण हुआ है।

# लगातार मिल रहे डेंगू के मरीज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। 72 घंटे में डेंगू के 48 नए मरीज मिले हैं। सबसे ज्यादा केस देपालपुर, भोलाराम उस्ताद मार्ग, भंवरकुआ, विजय नगर, एलआईजी क्षेत्र में पाए गए हैं। इन सभी स्थानों पर लगातार छिडक़ाव किया जा रहा है। पिछले तीन दिन में 16, 14 और 18 मरीज मिले हैं। इनमें से अभी 31 एक्टिव केस हैं। ये केस मिलाकर इस साल अब तक 491 मरीज मिले हैं। नगर निगम और मलेरिया विभाग का कहना है कि लगातार डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में छिडक़ाव किया जा रहा है।

# पेट्रोल डालकर जलाई गई छेड़छाड़ पीड़िता की मौत

## इंदौर में इलाज के दौरान छठवें दिन तोड़ा दम आरोपी के बेटे ने लगाई थी आग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा/इंदौर। खंडवा में 12 अक्टूबर को दशहरे के दिन पेट्रोल डालकर जलाई गई छेड़छाड़ पीड़िता ने गुरुवार देर रात दम तोड़ दिया। पीड़िता के वकील वीरेंद्र कुमार वर्मा ने मौत की पुष्टि की है। 18 वर्षीय युवती को 12 अक्टूबर की सुबह 10 बजे जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में एडमिट किया गया था। वहां से रेफर किए जाने के बाद इंदौर के एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया था।**

परिजन से शुरुआती जानकारी मिली थी कि उसने सुसाइड अटेम्प्ट किया है। जब पीड़िता के बयान हुए तो उसने बताया कि छेड़छाड़ के आरोपी मांगीलाल के बेटे अर्जुन ने पेट्रोल डालकर आग लगाई है। आरोपी युवक हत्या के प्रयास के मामले में जेल में है। अब से कुछ देर बार इंदौर में पोस्टमार्टम के बाद शव खंडवा लाया जाएगा।

### मजिस्ट्रेट के सामने कहा था- अर्जुन ने आग लगाई

12 अक्टूबर को घटना के बाद पीड़िता को खंडवा जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां कार्यपालिक मजिस्ट्रेट ने पीड़िता के बयान दर्ज किए थे। पीड़िता ने मजिस्ट्रेट को दिए बयान में कहा था- जिस मांगीलाल ने मेरे साथ जबरदस्ती की कोशिश की, उसी के बेटे अर्जुन ने मुझ पर पेट्रोल उड़ेलकर आग लगा दी। बयान के आधार पर पुलिस ने अर्जुन के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था। अगले दिन आरोपी अर्जुन को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया था।

# फैक्ट्री कर्मचारियों में विवाद के बाद हत्या

## खाना बनाने की बात पर कहासुनी के बाद सिर पर टामी से किए वार, आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बाणगंगा में देर रात हत्या हो गई। यहां फैक्ट्री परिसर में खाना बनाने की बात पर एक कर्मचारी ने टामी मारकर दूसरे कर्मचारी की हत्या कर दी। पुलिस ने देर रात ही इस मामले में एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है।**

पुलिस से मिली प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक घटना रिद्धि-सिद्धि फैक्ट्री की है। फैक्ट्री किसी सार्थक साहू की बताई जा रही है। यहां रात करीब 1.10 बजे में फैक्ट्री परिसर में ही रहने वाले धन प्रसाद लोधी, निवासी सागर की हरीश पुत्र आनंद राम चौधरी,जिला पेंड्रा छत्तीसगढ़ से फैक्ट्री परिसर में ही कहासुनी हुई थी। जिसमें हरीश ने धनप्रसाद के सिर पर टामी से तीन से चार वार कर दिए। उसे गंभीर चोट आने के चलते अरबिंदो अस्पताल ले जाया गया। यहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोपी और मृतक आठ माह से साथ में काम कर रहे थे।

बताया जा रहा है कि रात में शराब पार्टी के दौरान एक बजे के लगभग दोनों में विवाद हुआ। पुलिस को घटना के बारे में चौकीदार जगदीश ने एक घंटे बाद जानकारी दी। इसके बाद मौके पर पहुंचे सिपाहियों ने आरोपी को फैक्ट्री से हिरासत में ले लिया।

# फ्लैट में नकली हथियारों के साथ पकड़ाया युवक

## हिंदू जागरण मंच का आरोप- युवतियों को बंधक बनाए था, कराता था देह व्यापार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पुलिस ने गुरुवार शाम एक युवक को हिंदू जागरण मंच की शिकायत पर पकड़ा है। आरोपी के पास से एअर पिस्टल, नकली कट्?टा (लाइटर वाला) और बिना धार की तलवार मिली है। पुलिस ने आरोपी पर आम्र्स एक्ट में कार्रवाई करने की बात कही है।**

लसूडिय़ा टीआई तारेश सोनी के मुताबिक, महालक्ष्मी बिल्डिंग से फैजान उर्फ गोल्डी को पकड़ा गया है। वह मूल रूप से देवास का रहने वाला है। यहां किराए के फ्लैट में रह रहा है। फ्लैट में दो युवतियां दिल्ली और एक युवती खरगोन की भी मिली है। हिंदू जागरण मंच का आरोप है कि युवक इन युवतियों को डरा-धमकाकर देह व्यापार करा रहा था।

हिंदू जागरण मंच का आरोप है कि फैजान फ्लैट पर कस्टमर्स के साथ युवतियों के वीडियो भी बनवा लेता था। इसके बाद उन्हें यही वीडियो भेजकर ब्लैकमेल करवाता था। उसके मोबाइल में कई आपत्तिजनक चीजें मिली हैं। इस आरोप पर पुलिस का कहना है कि इसकी जांच की जा रही है।

# वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एमसी नाहटा का निधन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ, एमजीएम मेडिकल कॉलेज नेत्र विभाग के पूर्व प्रोफेसर एवं विभाग अध्यक्ष, ग्वालियर मेडिकल कॉलेज के डीन एवं मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य डॉक्टर एमसी नाहटा का 93 वर्ष की आयु में 17 अक्टूबर 2024 को स्वर्गवास हो गया। राष्ट्रीय नेत्र सुरक्षा संस्था मध्य प्रदेश के संरक्षक डॉक्टर नाहटा एक सफल नेत्र विशेषज्ञ थे। महाराजा यशवंतराव अस्पताल में अपने रेटीना क्लिनिक, लो विजन ऐड क्लीनिक एवं दृष्टिहीन पुनर्वास केंद्र की स्थापना की। केंद्रीय चलित नेत्र इकाई के माध्यम से इंदौर एवं उज्जैन संभाग के सूदुर आदिवासी एवं पिछड़े इलाकों में जाकर एक लाख से अधिक मोतियाबिंद के ऑपरेशन कर दृष्टि प्रदान की।राष्ट्रीय नेत्र सुरक्षा संस्था इंदौर व्दारा ह्लडॉ एम सी नाहटा राष्ट्रीय नेत्र सुरक्षा पुरस्कार स्थापित किया जिसमें रुपए 51,000 नगद एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता हैं।

डॉ, नाहटा को तत्कालीन प्रधानमंत्री माननीय श्री अटल बिहारी वाजपेई व्दारा सम्मान किया एवं भगवान महावीर फाउंडेशन चेन्नई द्वारा महावीर अवार्ड एवं पुरस्कार स्वरूप दस लाख रू राशि देकर सम्मानित कियागया। विदिशा जिले में अंधत्व मुक्त अभियान के लिए नागरिक अभिनंदन समारोह में तत्कालीन राज्यपाल व्दारा सम्मान किया गया। डॉ नाहटा के परिवार में धर्मपत्नी प्रोफेसर इंग्लिश, शासकीय कन्या महाविद्यालय इंदौर डॉ प्रेम कुमारी नाहटा, पुत्र इंजीनियरिंग अतुल नाहटा डायरेक्टर फिन्टेक फ्लौरिंग, पुत्री- दामाद डॉ मुक्ता जैन वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं डॉ हेमंत जैन, शिशु रोग विशेषज्ञ एवं पूर्व अधीक्षक चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय, इंदौर डॉ. एम सी नाहटा जी को हार्दिक श्रद्धांजली।

# बिजली कंपनी सभी कार्मिकों को दीपावली पूर्व वेतन देगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी सभी कर्मचारियों, अधिकारियों को दीपावली के त्योहार से पूर्व माह अक्टूबर का वेतन भुगतान करेगी। मुख्य महाप्रबंधक श्री प्रकाश सिंह चौहान ने बताया कि प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह के निदेर्शानुसार केंद्रीय कार्मिक दावा प्रकोष्ठ, मुख्य अभियंता इंदौर क्षेत्र, मुख्य अभियंता उज्जैन क्षेत्र द्वारा अक्टूबर के वेतन दीपावली त्योहार के मद्देजर जारी माह के दौरान ही देने की तैयारी की जा रही है। संयुक्त सचिव श्री संजय मालवीय ने बता?ा कि उक्त आदेश के पालन में कंपनी के करीब सात हजार नियमित श्रेणी के कार्मिकों के अलावा सत्रह हजार से ज्यादा बाह्य स्त्रोत कर्मचारियों को संबधित एजेंसी के माध्यम से अक्टूबर का वेतन अक्टूबर माह खत्म होने से पहले ही प्रदान कर दिया जाएगा।

# बिजली कंपनी सभी कार्मिकों को दीपावली पूर्व वेतन देगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी सभी कर्मचारियों, अधिकारियों को दीपावली के त्योहार से पूर्व माह अक्टूबर का वेतन भुगतान करेगी। मुख्य महाप्रबंधक श्री प्रकाश सिंह चौहान ने बताया कि प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह के निदेर्शानुसार केंद्रीय कार्मिक दावा प्रकोष्ठ, मुख्य अभियंता इंदौर क्षेत्र, मुख्य अभियंता उज्जैन क्षेत्र द्वारा अक्टूबर के वेतन दीपावली त्योहार के मद्देजर जारी माह के दौरान ही देने की तैयारी की जा रही है। संयुक्त सचिव श्री संजय मालवीय ने बता?ा कि उक्त आदेश के पालन में कंपनी के करीब सात हजार नियमित श्रेणी के कार्मिकों के अलावा सत्रह हजार से ज्यादा बाह्य स्त्रोत कर्मचारियों को संबधित एजेंसी के माध्यम से अक्टूबर का वेतन अक्टूबर माह खत्म होने से पहले ही प्रदान कर दिया जाएगा।

# पुलिस-कांग्रेस कार्यकर्ताओं में झड़प, वाटर कैनन चलाया

## बीना में एमएलए निर्मला सप्रे के दफ्तर में पार्टी का झंडा लगाने निकले थे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बीना, (एजेंसी)। बीना से विधायक निर्मला सप्रे के खिलाफ कांग्रेस के नेता सड़क पर उतरे और उनके घर और कार्यालय पर कांग्रेस का झंडा लगाने पर अड़ गए। इसके बाद पुलिस के साथ उनकी झूमाझटकी हुई। पुलिस ने उन्हें वाटर कैनन से खदेड़ दिया।**

कांग्रेस का आरोप है कि जब विधायक भाजपा में शामिल हो चुकी हैं, तो इस्तीफा क्यों नहीं दे रहीं। दरअसल, इस मामले ने विधायक के एक जवाब के बाद तूल पकड़ा है। 10 अक्टूबर को विधानसभा को भेजे गए जवाब में विधायक ने ये कहा है कि वो भाजपा में नहीं, बल्कि कांग्रेस में हैं।



### बैरिकेडिंग हटाई, पुलिस से झड़प

गुरुवार दोपहर बड़ी तादाद में कांग्रेस कार्यकर्ता सर्वोदय चौराहे पर जमा हुए। इसके बाद हाथ में पार्टी का झंडा लिए विधायक के घर और कार्यालय की ओर बढ़े। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम पहुंच गई। अंबेडकर तिराहे पर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर दी, ताकि कोई विधायक के आवास और कार्यालय की ओर न जा सके। कांग्रेस कार्यकताओं ने बैरिकेडिंग हटा दी और आगे बढ़ने लगे। इसके बाद पुलिस के साथ उनकी झूमाझटकी हुई। यहां पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल करके कांग्रेस कार्यकताओं को पीछे धकेलने की कोशिश की। हालात को देखते हुए आगासौद, खिमलासा, भानगढ़, खुरई शहरी, खुरई देहात सहित सागर जिले से पुलिस बल भी मंगाया गया।

### जब कांग्रेस छोड़ी नहीं तो झंडे से क्या ऐतराज

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि विधायक निर्मला सप्रे ने 10 अक्टूबर को विधानसभा को जवाब दिया है कि उन्होंने भाजपा की सदस्यता नहीं ली है और न ही कांग्रेस छोड़ी है। जब उन्होंने कांग्रेस छोड़ी ही नहीं तो उन्हें कांग्रेस के झंडे से क्या आपत्ति हो सकती है। इसके बाद हम झंडा लगाने के लिए जा रहे हैं, लेकिन पुलिस हमें रोक रही है। पुलिस क्यों रोक रही है, ये भी समझ नहीं आ रहा। जब विधायक हमारी ही पार्टी में हैं तो ये हमारी पार्टी का आंतरिक मामला है। इसमें पुलिस का क्या काम? हम कोई हिंसा या उपद्रव भी नहीं कर रहे हैं। हम शांतिपूर्ण ढंग से विधायक से आग्रह करने जा रहे हैं कि आप पार्टी का झंडा लगा लीजिए।

बीना ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि जिन कांग्रेसियों ने निर्मला सप्रे को सदन तक पहुंचाया, कड़ी मेहनत कर विधायक बनाया था। आज उन्हीं कांग्रेसियों पर विधायक ने वाटर कैनन चलवाई और पुलिस से लाठी चार्ज करवाया। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। हमारा उद्देश्य केवल यह जानना था कि बीना विधायक यह स्पष्ट करें कि वह कांग्रेस की सदस्य हैं या भारतीय जनता पार्टी की सदस्य हैं।

### एमएलए सप्रे ने किया था कांग्रेस छोड़ने से इनकार

बीना विधायक निर्मला सप्रे के इस्तीफे पर असमंजस के बीच उन्होंने कांग्रेस छोड़ने से इनकार किया है। दलबदल कानून के तहत सदस्यता निरस्त करने संबंधी जवाब से इसका खुलासा हुआ। निर्मला ने 10 अक्टूबर को विधानसभा को भेजे जवाब में कहा कि उन्होंने ऐसा कोई सबूत नहीं पेश किया है, जिससे साबित हो कि उन्होंने दल बदला।

### सीएम के सामने ली थी भाजपा की सदस्यता

इसी साल 5 मई को विधायक सप्रे को सीएम डॉ. मोहन यादव ने भाजपा का दुपट्?टा गले में डालकर भाजपा की सदस्यता दिलाई थी। इसके बाद से कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता उनसे इस्तीफे की मांग कर रहे थे लेकिन अब विधायक ने ये कहकर इस्तीफा देने से इनकार कर दिया है कि वो भाजपा की सदस्य नहीं हैं। हाल ही में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वी.डी. शर्मा ने भी कहा है कि सप्रे ने भाजपा की आधिकारिक सदस्यता नहीं ली है।

# कांग्रेस विधायक ने भगवान शिव को कहे अपशब्द

## श्योपुर में बाबू जंडेल पर एफआईआर; बीजेपी ने पुतला फूंका, मुंह काला करने की बात कही

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**श्योपुर, (एजेंसी)। श्योपुर विधायक बाबू जंडेल का एक वीडियो सामने आया है। इसमें वे भगवान शिव का नाम लेते हुए अपशब्द कहते सुनाई दे रहे हैं। करीब एक साल पुराना बताया जा रहा ये वीडियो भाजपा नेता नरेंद्र सलूजा ने गुरुवार को अपने अकाउंट पर शेयर किया है।**

सलूजा ने लिखा- कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल का भगवान भोलेनाथ का नाम लेकर गाली बकते हुए वीडियो वायरल। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, एक दिन पहले आप भी नशे की हालत में भाषण दे रहे थे। अब देख लो अपनी पार्टी के नेताओं के चरित्र। कांग्रेस विधायक का वीडियो सामने आने के बाद श्योपुर में विश्व हिंदू परिषद ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

### सफाई दी- भोलेनाथ मेरे आराध्य, काट-छांटकर जारी किया वीडियो

मामले पर सफाई देते हुए विधायक बाबू जंडेल ने कहा- वीडियो काट-छांट करके रामनिवास रावत के लोगों ने मुझे बदनाम करने के लिए वायरल किया है। वह वीडियो रक्षाबंधन के टाइम का है। मेरी कलाई पर राखी बंधी हुई है।

### जंडेल के खिलाफ श्योपुर में केस दर्ज

भगवान भोलेनाथ को अपशब्द कहने से नाराज विश्व हिंदू परिषद ने श्योपुर में बाबू जंडेल के खिलाफ केस दर्ज कराया है। वीएचपी ने अपनी शिकायत में कहा कि श्योपुर विधायक बाबूलाल मीणा (जंडेल) का वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें वे हिंदुओं के आराध्य देव महादेव के बारे में गलत शब्द उच्चारण कर रहे हैं। वीडियो देखने से धार्मिक भावना आहत हो रही है। इसलिए ऐसे हिंदू विरोधी विधायक के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

इसके बाद पुलिस ने बाबू जंडेल के खिलाफ धारा 196 (धर्म के आधार पर समूहों के बीच दुश्मनी बढ़ाना), धारा 299 (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए जानबूझकर किया गया काम), धारा 302 (किसी धार्मिक प्रतीक या चिह्न का अपमान करना) और धारा 223 (सरकारी आदेश न मानने के कारण किसी को खतरा होना) के तहत केस दर्ज किया है।

# उज्जैन की बेटी निकिता पोरवाल ने पहना मिस इंडिया का ताज

## 14 सुंदरियों को पीछे छोड़ा, अभिनेत्री नेहा धूपिया ने गुलदस्ता दिया,पूर्व मिस इंडिया नंदिनी गुप्ता ने ताज पहनाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, (निप्र)।** पौराणिक नगरी उज्जैन के मुकुट पर एक हीरा और जड़ गया। हमारे यहां की बेटी निकिता पोरवाल फेमिना मिस इंडिया-2024 चुन ली गई। मुंबई में आयोजित ग्रैंड फिनाले में उन्होंने देश की 14 सुंदरियों को पीछे छोड़ा। दादरा एवं नगर हवेली की रेखा पांडे फर्स्ट और गुजरात की आयुषी ढोलकिया सेकंड रनरअप रही। अभिनेत्री नेहा धूपिया ने तीनों को गुलदस्ता दिया और पिछले साल की मिस इंडिया नंदिनी गुप्ता ने निकिता को मिस इंडिया का ताज पहना कर सम्मानित किया।



**बाबा महाकाल और गेबी साहब की भक्त, गोपाल मंदिर क्षेत्र में घूमना पसंद-** निकिता पोरवाल का बचपन हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनी अरविंद नगर में गुजरा। पुराने शहर की गलियों में घूमना उन्हें खासा पसंद है। उज्जैन में रहने के दौरान वह अक्सर गोपाल मंदिर इलाके में जाती हैं। जब समय मिलता है वह गेबी हनुमान मंदिर और बाबा महाकाल को नमन करने पहुंचती है। ख्यात अभिनेत्री एवं मिस वर्ल्ड रह चुकी ऐश्वर्या राय बच्चन उनकी आदर्श है। मां राजकुमारी पोरवाल और पिता पेट्रो ऑइल व्यापारी अशोक पोरवाल ने उन्हें आगे बढने के लिए प्रेरित किया। कॉर्मल कॉन्वेंट स्कूल से शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात वडोदरा की सयाजी विश्वविद्यालय से उन्होंने परफार्मिंग आर्ट में बैचलर डिग्री हासिल की है। महज 18 साल की उम्र में होस्ट के तौर पर करियर की शुरूआत करने वाली निकिता ने रंगमंच पर अपनी अदाकारी से सबकों लुभाया हैं।

**रामलीला में मां सीता और श्रीकृष्ण नाट में राधा का किरदार निभाया-** निकिता ने अपने हुनर का कमाल रामलीला में खूब दिखाया है। सामाजिक न्याय परिसर में आयोजित हुई रामलीला में वह मां सीता एवं विक्रमोत्सव में प्रस्तुत नाटक श्रीकृष्ण में उन्होंने राधा की भूमिका निभाई थी। उनके दोनों ही किरदारों को दर्शकों ने खूब पसंद किया हैं। जानवरों के प्रति उनमें मदद का भाव है और इसे लेकर वह हमेशा काम करती है।

**निकिता ने 250 पेज की कृष्णलीला लिखी-** निकिता ने ड्रामा भी लिखे हैं। इनमें 250 पेज की कृष्णलीला प्रमुख है। उन्होंने फिल्म चंबल पार में भी काम किया है। इसका प्रदर्शन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हो चुका है। बेटी की इस सफलता के साक्षी उनके पिता अशोक पोरवाल अभी मुंबई में है। उन्होंने बताया कि तीन भाई-बहनों में निकिता सबसे छोटी है। बड़ी बहन इंदौर में सीए है,जबकि भाई आईओसीएल में जॉब करता है।

**निकिता करेगी 2026 में मिस वर्ल्ड स्पर्धा में शिरकत-** निकिता पोरवाल अब मिस वर्ल्ड स्पर्धा के लिए शिरकत करेगी। यह प्रतियोगिता 2026 में आयोजित होने वाली है। 2017 में भारत की मानुषी छिल्लर मिस वर्ल्ड रह चुकी है। इसके पूर्व वर्ष 2000 में प्रियंका चोपड़ा तथा 1994 में एश्वर्या रॉय मिस वर्ल्ड का ताज पहना था।

# कालियादेह कुंड में 2 युवक डूबे, एक को बचाया, दूसरे की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, (निप्र)।** कालियादेह महल स्थित कुंड में पानी की गहराई का अनुमान नहीं होने के कारण दो युवक डूबने लगे। लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिश की,लेकिन एक युवक की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मनीष पिता लक्ष्मीनारायण जायसवाल आयु 21 वर्ष निवासी पीथमपुर इंदौर अपने दोस्त राजा व अन्य के साथ पर्व स्नान करने उज्जैन के कालियादेह स्थित 52 कुंड पहुंचा था। यहां सभी लोग कुंड में स्नान कर रहे थे तभी मनीष व राजा गहरे पानी में डूबने लगे। तैराकों ने राजा को तो गहरे पानी से निकाल लिया लेकिन मनीष की डूबने से मौत हो गई। दोस्त उसे तूफान वाहन से चरक अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद मनीष को मृत घोषित कर शव को पीएम रूम में रखवा दिया। मनीष के परिजनों ने बताया कि उसके पिता की मृत्यु हो चुकी है। घर में अकेली मां है। मनीष मजदूरी करता था। राजा ने बताया कि हम 8 लोग तूफान वाहन से यहां आए थे। कुंड में स्नान के बाद सभी लोग कपड़े पहन रहे थे। मनीष और मैं कुंड के किनारे पर थे। कुछ ही देर में ऐसा लगा कि कोई पीछे से खींच रहा है और हम गहरे पानी में डूबने लगे। यह देख साथ के लोगों ने शोर मचा कर मदद मांगी। तैराक कुंड में कूदे। उन्होंने मुझे पानी से बाहर निकाला लेकिन तब तक मनीष कुंड में डूब चुका था। दो घंटे की तलाश के बाद उसे गहरे पानी से निकाला गया।

## संपादकीय

# खौफ के साथ यात्रियों को भरनी पड़ रही उड़ान

हवाई यात्रा को बेहद सुरक्षित और सुगम्य साधन माना जाता है। रेलगाडियों में भीडभाड और अधिक समय लगने से यात्रियों का एक बडा वर्ग हवाई यात्रा को प्राथमिकता देता है। मगर यहां भी लेटलतीफी, उडानों के रद्द होने और विमानों में बम रखे जाने के फर्जी संदेशों तथा धमकियों ने उन्हें मुश्किल में डाल दिया है। बीते दिनों दिल्ली से शिकागो जा रहे एअर इंडिया के विमान सहित सात उडानों को बम से उडाने की धमकी से विमानन कंपनियों में अफरा-तफरी मच गई और बडी संख्या में यात्री सांसत में पड गए। उन्हें काफी दिक्कत हुई और वे गंतव्य तक काफी देर से पहुंचे। एअर इंडिया के विमान को कनाडा में आपात स्थिति में उतारना पडा, जबकि अन्य विमानों को अलग-अलग हवाई अड्डों पर उतार कर उनकी सघन जांच की गई। इसमें कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। सुरक्षा अधिकारी सोशल मीडिया मंच के माध्यम से दी गई धमकी की जांच कर ही रहे थे कि बुधवार को दिल्ली से बंगलुरु जा रहे विमान में बम रखे होने की फिर धमकी मिली। बीते तीन दिनों में ऐसे कई फर्जी संदेश मिले। ऐसे मामलों से आरोपियों का तुरंत न पकडा जाना चिंता की बात है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए एक कारगर तंत्र की जरूरत है। यह एक बडा सवाल है कि सोशल मीडिया मंच से या ई-मेल भेज कर कोई इस तरह खुलेआम धमकी कैसे दे सकता है। यह हाल तब है जबकि ऐसे फर्जी संदेशों को पकडने की आधुनिक तकनीक हमारे पास उपलब्ध है। फिर भी सुरक्षा एजंसियां झूठी धमकियां देने वालों का पता नहीं लगा पातीं। आरोपी कहीं भी बैठ कर अपनी हरकत दोहराते रहते हैं। ऐसी घटनाओं से जहां एक ओर सुरक्षित यात्रा के प्रति भरोसा टूटता है, वहीं यात्रियों की सुरक्षा भी खतरे में पड जाती है। नागरिक उड्डयन सचिव ने कहा है कि आरोपियों की पहचान की जा रही है। मगर सवाल यही है कि इसमें इतना वक्त लगता ही क्यों है। हाल की घटनाएं विमानन कंपनियों के लिए चुनौती हैं, एक सबक भी। फर्जी संदेशों का खौफ खत्म करने के लिए कारगर तकनीकी तंत्र विकसित करना जरूरी है।

**अर्ज किया है..!**

*एक लम्हे में बिखर जाता है*
*ताना-बाना*
*और फिर उम्र गुज़र जाती है*
*यकजाई में*

– अहमद मुश्ताक़

isha



*एक महान देश महान लोगों से बनता है। आने वाले वर्षों में, हमें यह अथक प्रयास करना होगा: ऐसे लोगों का निर्माण करना होगा, जो शारीरिक रूप से मजबूत हों, मानसिक रूप से अभेद्य हों, और जिनमें भरपूर कौशल हो।*

– जग्गी वासुदेव

## महिला जगत

# मिलिए ओशनोग्राफर अदिति पंत से, जो बनीं अंटार्कटिका जाने वाली पहली भारतीय



भारतीय महिलाओं के लिए किसी पेशे में मुकाम हासिल करने की राह आसान नहीं है, लेकिन कुछ साहसी महिलाओं ने बिजनेस से लेकर विज्ञान तक के क्षेत्र में अपने नाम का परचम लहराया। इन्हीं महिलाओं में से एक हैं डॉ. अदिति पंत। अदिति पंत पहली भारतीय महिला हैं जिन्होंने अंटार्कटिका की यात्रा की थी। आइए जानते हैं कौन हैं अदिति पंत, जिन्होंने ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज कर खुद के साथ ही भारत का मान भी विश्व में बढ़ाया है।

### अदिति पंत कौन हैं?

अदिति पंत एक समुद्र विज्ञानी हैं। अदिति पंत का जन्म 5 जुलाई 1943 को नागपुर में एक मराठी परिवार में हुआ। उनके पिता अप्पासाहेब पंत राजनयिक थे और मां डॉ. नलिनी देवी रॉयल कॉलेज ऑफ सर्जन में फेलो थीं। युवा अवस्था से ही विज्ञान में रुचि होने के कारण उन्होंने इसे ही अपनी राह बनाई।

अदिति पंत ने अपना स्नातक पुणे विश्वविद्यालय से पूरा किया। इसके बाद यूएस सरकार से स्कॉलरशिप मिलने पर वह मरीन साइंसेस में परास्नातक के लिए हवाई विश्वविद्यालय चली गईं। लंदन विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की डिग्री हासिल की। उनकी थीसिस समुद्री शैवाल के शरीर विज्ञान से जुड़ी हुई थी।

### अंटार्कटिका पर जाने वाली पहली महिला ओशनोग्राफर

उस दौरान अंटार्कटिक महासागर के शोध के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओशनोग्राफी (NIO) एक प्रोग्राम बनाया था। जिसमें अनेक सब्जेक्ट पर शोध करना था और यह मौका अदिति जी को मिला। वह बहुत खुश हुईं। 1983 से 1984 में अदिति इस अभियान से जुड़ने वाली पहली भारतीय महिला ओशनोग्राफर बनीं जो अंटार्कटिका गईं और वहां खतरनाक जलवायु में रह कर उन्होंने भौतिकी, रासायनिक और जीव विज्ञान की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने यहां पर अपनी टीम के साथ पहला भारतीय वैज्ञानिक रिसर्च बेस स्टेशन 'दक्षिण गंगोत्री' बनाया था।

### उपलब्धियां और सम्मान

लगभग 65 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में उनका प्रकाशन हैं। अदिति पंत के नाम 5 पेटेंट हैं। भारत सरकार ने अदिति पंत को अंटार्कटिका पुरस्कार से सम्मानित किया। अदिति पंत ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओशनोग्राफी, नेशनल केमिकल लेबोरेटरी, पुणे विश्वविद्यालय और महाराष्ट्र एकेडमी ऑफ साइंस में वरिष्ठ पदों पर काम किया है और सिर्फ अपना सपना ही पूरा नहीं किया, बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया।

## New Delhi

# अगर शादी के बाद भी पति को ना मिले सेक्स की छूट? मैरिटल रेप पर सुनवाई के दौरान SC का बड़ा सवाल

**नई दिल्ली**। मैरिटल रेप को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि पतियों को पत्नी के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाने की छूट देने वाले प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को लेकर विचार किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर सुनवाई के दौरान सवाल किया कि क्या अगर पति को शादी के बाद मिलने वाली सेक्स की छूट को खत्म किया जाता है तो एक नए अपराध का जन्म हो जाएगा?

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और मनोज मिशअरा की बेंच ने आईपीसी (अब बीएनएस) की धारा 375 के अपवाद वाले क्लॉज पर सुनवाई की। इसके तहत अगर पत्नी नाबालिग नहीं है तो



उसके साथ पति के शारीरिक संबंध बनाने को मैरिटल रेप की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता है।

सीजेआई चंद्रचूड़ ने पूछा, आपका कहना है कि मैरिटल रेप से जुड़े अपवाद को खत्म करने पर नए अपराध का जन्म नहीं होगा। अपवाद के चलते अगर कोई महिला 18 साल से ज्यादा उम्र की है तो शादी के बाद पति को उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने की छूट मिलती है। मान लीजिए अगर इस अपवाद को खत्म कर दिया जाता है तो क्या नया अपराध पैदा हो जाएगा? क्या कोर्ट को स्वतंत्र रूप से इस अपवाद की संवैधानिक वैधता जांचने का अधिकार है?

कुछ याचिकाकर्ताओं की तरफ से पेश हुए सीनियर वकील करुणा नुंडी ने कहा कि इस तरह के सवाल निजी विचार बनाम भारत सरकार हो सकते हैं।

## Bihar

### जहरीली शराब का कहर... बिहार के कई गांवों में अंधेरे में जिंदगी!

# 29 मौतों पर जागी पुलिस, 140 ठिकानों पर छापेमारी



**पटना, (एजेंसी)** बिहार के सिवान, छपरा और गोपालगंज जिलों में जहरीली शराब से अब तक 37 लोगों की मौत हो चुकी है. इसके बाद पुलिस एक्शन मोड में आ गई है. पुलिस ने उत्पाद विभाग की टीम के साथ मिलकर बैकुंठपुर, मांझा और बरौली थाना क्षेत्र के दियारे इलाके में ताबड़तोड़ छापेमारी की है, जिसमें भारी मात्रा में देशी शराब बरामद की गई है. बिहार में जहरीली शराब पीने की घटनाओं से मरने वालों की संख्या बढ़कर 37 हो गई है. सबसे अधिक मौतें सिवान जिले में हुई हैं, जहां 28 लोगों की जान जा चुकी है. वहीं, छपरा जिले में 7 और गोपालगंज में 2 लोगों की मौत की पुष्टि की गई है.

### ड्रोन कैमरे से 140 ठिकानों पर की गई छापेमारी

एसपी अवधेश दीक्षित के निर्देश पर दियारे इलाके में ड्रोन कैमरे की मदद से शराब की भट्ठियों की पहचान कर उन्हें ध्वस्त किया जा रहा है. पुलिस ने अर्धनिर्मित शराब को नष्ट करने के साथ-साथ शराब बनाने वाले उपकरणों, गैस चूल्हों, ड्रम और गैलनों को भी मौके पर नष्ट कर दिया. पुलिस ने अब तक 140 से अधिक जगहों पर छापेमारी की है. इस दौरान 5,000 लीटर से ज्यादा देशी शराब को नष्ट किया गया है. पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा.

## Rajasthan

# जयपुर के करणी विहार में चाकूबाजी, संघ के 10 स्वयंसेवक घायल; प्रसाद वितरण के दौरान किया गया हमला

**जयपुर, (एजेंसी)** जयपुर के करणी विहार थाना क्षेत्र में गुरुवार रात को एक गंभीर चाकूबाजी की घटना में 10 लोग घायल हो गए। यह हमला उस समय हुआ, जब हनुमान चालीसा का पाठ चल रहा था और प्रसाद वितरण किया जा रहा था। आपसी झगड़े के कारण एक पक्ष ने धारदार हथियारों से दूसरे पक्ष के लोगों पर हमला कर दिया।

घटना के बाद सभी घायलों को जयपुर के एसएमएस अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। मौके पर डीसीपी वेस्ट अमित कुमार अपने जाप्ते के साथ पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया।

राज्य के कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने डॉक्टरों की टीम को निर्देशित कर पुलिस को तुरंत कारवाई के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही स्थानीय विधायक गोपाल शर्मा भी घायलों का हालचाल लेने अस्पताल पहुंचे।

सूत्रों के अनुसार सभी घायल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता बताए जा रहे हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस ने मामले में 3 लोगों को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है।

## Uttarakhand

# उत्तराखंड के मदरसों में गूंजेंगे संस्कृत के श्लोक घोषणा पर वक्फ बोर्ड ने दिया रिएक्शन

**देहरादून, (एजेंसी)** उत्तराखंड के मदरसों में अब संस्कृत के श्लोक भी गूंजने वाले हैं, क्योंकि उत्तराखंड मदरसा एजुकेशन बोर्ड ने इसे लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं. इसके साथ ही अरबी भाषा की शिक्षा भी दी जाएगी. इस बात की जानकारी उत्तराखंड मदरसा एजुकेशन बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून काजमी ने दी है. उन्होंने कहा कि संस्कृत और अरबी दोनों प्राचीन भाषाएं हैं और इनमें आपस में कई समानताएं हैं.हमारे मदरसों में एनसीईआरटी का कोर्स लागू किया और 96.5 पर्सेंट बच्चे पास हुए हैं. हम उन बच्चों को मेन स्ट्रीम से जोड़ रहे हैं जिसे पूर्व सरकारों ने भय दिखाकर मुख्यधारा से काटा था. मदरसा बोर्ड अध्यक्ष मुफ़्ती शमून काज़मी ने कहा कि उत्तराखंड में मदरसों में लगातार हो रहे सुधारों के तहत अब ऐसे प्रावधान लागू किए जा रहे हैं, जिन्हें पहले तार्किक नहीं माना जाता था. मदरसों को अब तक



खास तौर पर एक समुदाय की भाषा और संस्कृति से जोड़कर देखा जाता था, लेकिन अब इस छवि को बदलने की कोशिश की जा रही है.

मुफ्ती ने कहा कि हम चाहते हैं कि पंडति जी को अरबी आनी चाहिए और मौलाना साहब को संस्कृत आनी चाहिए. भाषाएं किसी की नहीं होती, लोग जितना ज्ञान हासिल कर लें, वो सबसे अच्छा है. हमारे बीच की दूरियां कम होनी चाहिए, हमें एक दूसरे के बारे में जानना चाहिए.

## खेल

# छह बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर फाइनल में पहुंचा दक्षिण अफ्रीका

### ◆ बॉश की अर्धशतकीय पारी

**दुबई**। एनेके बॉश और कप्तान लॉरा वोलवार्ट की शानदार पारियों के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने छह बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को आठ विकेट से हराकर महिला टी20 विश्व कप के फाइनल में प्रवेश किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 134 रन बनाए थे। जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने बॉश की नाबाद अर्धशतकीय पारी के दम पर 17.2 ओवर में दो विकेट पर 135 रन बनाकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। अब रविवार को दक्षिण अफ्रीका का सामना न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा।

खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही ऑस्ट्रेलिया का




सफर सेमीफाइनल में समाप्त हो गया। ऑस्ट्रेलियाई टीम ग्रुप चरण में अजेय रही थी और अपने सभी मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में पहुंची थी। कागजों में ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा काफी भारी माना जा रहा था क्योंकि इससे पहले सात टी20 विश्व कप में से ऑस्ट्रेलिया ने छह बार खिताब जीता था और एक बार फाइनल में उसे हार मिली थी। इस तरह दक्षिण अफ्रीका के लिए यह जीत काफी बड़ी है। दक्षिण अफ्रीका ने इससे पहले इस प्रारूप में विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया को कभी नहीं हराया था। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया का टी20 विश्व कप में लगातार 15 जीत का सिलसिला समाप्त हो गया और उसका आठवीं बार फाइनल में प्रवेश करने का सपना टूट गया। ऑस्ट्रेलिया ने 2009 से शुरू हुए इस टूर्नामेंट में सभी नौ सत्र में सेमीफाइनल खेले हैं।

### वोलवॉर्ट-बॉश की शानदार साझेदारी

लक्ष्य का पीछा करते हुए एनाबेल सदरलैंड ने तंजिम बिट्ज को बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका को शुरुआती झटका दिया था। ब्रिट्ज 15 रन बनाकर आउट हुई थीं। इसके बाद बॉश और वोलवॉर्ट ने मोर्चा संभाला और दूसरे विकेट के लिए 96 रन जोड़े। यह टी20 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किसी भी विकेट के लिए दक्षिण अफ्रीका की ओर से की गई सबसे बड़ी साझेदारी है। सदरलैंड ने हालांकि, वोलवॉर्ट को अर्धशतक नहीं बनाने दिया और तहलिया मैकग्रा के हाथों कैच कराकर आउट किया। वोलवॉर्ट 37 गेंदों पर तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 42 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, बॉश ने अपनी पारी जारी रखी और टीम को जीत दिलाई। बॉश 48 गेंदों पर आठ चौकों और एक छक्के की मदद 74 रन और चोले टिरोन एक रन बनाकर नाबाद लौटीं। बॉश का यह स्कोर इस विश्व कप में अबतक किसी खिलाड़ी का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है।

## सिनेमा

# 'सलमान खान का हाल बाबा सिद्दीकी से बुरा होगा', लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम से सुपरस्टार को फिर मिली धमकी



मुंबई. बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान से गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की दुश्मनी बहुत पुरानी है और हाल ही में हुई घटनाओं के बाद ये मामला और भी गंभीर होता नजर आ रहा है. एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद सलमान की सिक्योरिटी में इजाफा किया गया है. बाबा सिद्दिकी सलमान के दोस्त भी थे और कई बॉलीवुड सेलेब्स के साथ उनकी गहरी दोस्ती थी. इस बीच अब मुंबई ट्रैफिक पुलिस को सलमान खान के नाम का धमकी भरा मैसेज मिला है. मैसेज करने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का करीबी बताया है. मुंबई के ट्रैफिक पुलिस के व्हाट्सएप नंबर पर ये धमकी भरा मैसेज मिला है. इसमें एक्टर सलमान खान से लॉरेंस बिश्नोई के साथ लंबे समय से चली आ रही दुश्मनी को खत्म करने के लिए 5 करोड़ रुपये की मांग की गई है. मैसेज में ये भी लिखा है कि 'इसको हल्के में ना लें, वरना सलमान खान का हाल बाबा सिद्दीकी से भी बुरा होगा.' इस मामले की जांच मुंबई पुलिस से शुरू कर दी है.

## Highlights

1. People know of Yogi's 'thok denge' policy: Owaisi on Bahraich row
2. Most bomb threat calls to flights made by minors, pranksters: Union Minister Naidu
3. US reveals identity of Indian man linked to plot to kill Khalistani separatist Pannun
4. India & Pak should bury the past: Sharif after Jaishankar's visit
5. Smog engulfs Delhi-NCR as AQI drops to 'very poor' category

# Gold at record high as Middle east tensions spark haven demand



**NEW DElHI, (Agency).** Gold reached a record high as escalating Middle East conflicts saw investors flock to safety, even as mixed data on the US economy dashed hopes for large rate cuts by the Federal Reserve this year.

Bullion rose as much as 0.2% to $2,698.50, topping Thursday's all-time high by about a dollar, as markets reacted to Israel's killing of Hamas leader Yahya Sinwar — the architect of the Oct. 7 attack that's triggered the year-long war in Gaza.

Prime Minister Benjamin Netanyahu said Israel would keep fighting until all the hostages seized by Hamas last year are free, even as President Joe Biden said it was time for the war to end. Investors typically seek safety in gold in times of geopolitical and economic uncertainty.

Haven demand outweighed macro headwinds that would normally weigh on the precious metal, after US reports on Thursday diminished bets on the scale of Fed easing. Retail sales strengthened in September by more than forecast and jobless claims unexpectedly fell in a separate print, reinforcing the view the economy is nowhere near a recession. Higher interest-rate environments typically pressure non-yielding gold.

Gold was about 1.5% higher for the week, as investors repositioned portfolios ahead of the US election on Nov. 5. With both candidates posing different risks to the economy, gold is likely to see further support — no matter whether Donald Trump or Vice President Kamala Harris wins.

Bullion — up about 30% this year — is one of 2024's strongest performing commodities. Rate-cut optimism fueled the most recent gains as the Fed kicked off its easing cycle last month. Strong central bank purchases have also supported gold.

# China's economy grows at 4.6% rate, falls short of the official 5% target

**NEW DElHI, (Agency).** China's economy expanded at a slower-than-expected rate of 4.6% in the July-September quarter, the government said Friday.

The latest data show the world's second largest economy slowing from 4.7% annual growth in the previous quarter and falling short of the official target of "about 5%" growth for 2024, a figure that analysts consider ambitious without more aggressive measures to spur consumer demand and spur a recovery in the ailing property sector.



In a statement, the National Bureau of Statistics said that the economy was "generally stable with steady progress" even in the face of a "complicated and severe external environment" and complicated domestic economic development.

The economy has remained sluggish despite the lifting of COVID-19 restrictions at the end of 2022. Consumer confidence is low and the real estate market remains a drag on the economy.

Chinese policymakers have in recent weeks announced a wave of measures aimed at boosting the economy, including reducing mortgage rates for existing homes and allowing banks to lend more by reducing reserve requirements.

"ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक मार्गदर्शन"
"एक सलाहकार-एक शुभचिंतक"

www.babapandit.com

...हो सकता है मेरी एक सलाह आपकी समस्या/पीड़ा के समाधान में सहायक सिद्ध हो...

Pls visit and submit your query*
www.babapandit.com
🙏 "बाबापण्डित" 🙏
अनुष्ठानकर्ता-हरिकथा प्रेमी
www.babapandit.com

Pls Call for Appointment
7869526724 / 9303183100

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक